# PRESS INFORMATION BUREAU
# GOVT. OF INDIA
# JALANDHAR

**1. Name of Newspaper : Encounter**
**2.Place : Jalandhar**
**3.Dated : 01 June 2018**
**4. Language : Hindi**


# केन्द्र सरकार द्वारा विकास के सभी क्षेत्रों में शानदार व ऐतिहासिक पहल कदमियां : निर्मला सीतारमन

**अजय पाहवा/लुधियाना।** गत 48 महीनों में देश ने सभी क्षेत्रों में विकास की एक नई उड़ान भरी है । भारत सरकार की विकासोन्मुखी पहलकदमियों तथा निरंतर प्रयासों से देश के कोने कोने में विकास की लहर पहुंची है जिसमें महिलाओं, युवा वर्ग, किसानो तथा समाज के सभी वर्गों की प्रगति की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । यह बात केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने लुधियाना में की प्रैस वार्ता में आज सरकार के चार वर्षों की उपलब्धियों की चर्चा हेतु आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में कही । उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की सभी क्षेत्रों में नीतिगत प्राथमिकताएं न केवल प्रभावशाली है बल्कि शानदार व ऐतिहासिक प्रयास है । इनमें स्थानीय से वैश्विक, ग्रामीण तथा शहरी- समाज के सभी वर्गों को समग्र लाभान्वित करना, सभी क्षेत्रों के बहुपक्षीय विकास को सुनिश्चित करना शामिल




है । नीतिगत प्राथमिकताओं का उदेश्य लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए 'साफ नीयत, सही विकास' के द्वारा 'सबका साथ सबका विकास' का लक्ष्य पूरा करना है । केन्द्रीय रक्षामंत्री ने कहा कि भारत की आर्थिक प्रणाली सबसे बड़ा सुधार जीएसटी के शुरू करने से हुई है । जीएसटी से कारोबार आसान हुआ है और बैंकिंग सुधारों से अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है । भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली विशाल अर्थव्यवस्था बना है और एफडीआई में भारी वृद्धि, 36.5 बिलियन डॉलर से बढ़कर 60 बिलियन डॉलर दर्शाई है ।

विश्व भर की रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत को लगातार अच्छी रेटिंग मिली है ।

उन्होने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष बल देते हुए सरकार ने अदभुत पहल की है । 'आयुष्मान भारत' दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा पहल की गई है जिससे करीब 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये तक का हैल्थ कवरेज मिलेगा ।

# PRESS INFORMATION BUREAU
# GOVT. OF INDIA
# JALANDHAR

**1. Name of Newspaper** : **Dainik Bhaskar**
**2.Place** : **Jalandhar**
**3.Dated** : **01 June 2018**
**4. Language** : **Hindi**

## शहर पहुंचीं रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमन ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

# महिलाओं, युवाओं, किसानों और समाज के हर वर्ग की प्रगति पर रहेगा फोकस

सिटी रिपोर्टर | लुधियाना

पिछले 48 महीनों में देश ने सभी क्षेत्रों में विकास की एक नई उड़ान भरी है। खासकर महिलाओं, युवाओं, किसानों और समाज के हर वर्ग की प्रगति पर सरकार फोकस कर रही है। ये दावा केंद्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमन ने किया। वे सरकार के चार सालों की उपलब्धियों पर चर्चा के लिए आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सभी क्षेत्रों में नीतिगत प्राथमिकताएं न केवल प्रभावशाली हैं, बल्कि शानदार और ऐतिहासिक प्रयास हैं। इनमें स्थानीय से वैश्विक, ग्रामीण और शहरी- समाज के सभी वर्गों को समग्र लाभान्वित करना, सभी क्षेत्रों के बहुपक्षीय विकास को सुनिश्चित करना शामिल है। नीतिगत प्राथमिकताओं का उद्देश्य लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए 'साफ नीयत, सही विकास' के द्वारा 'सबका साथ सबका विकास' का लक्ष्य पूरा करना है।

## 'आयुष्मान भारत' के जरिए 50 करोड़ लोगों का होगा 5 लाख का बीमा




केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जीएसटी से कारोबार आसान हुआ है और बैंकिंग सुधारों से अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। एफडीआई में 36.5 बिलियन डॉलर से बढ़कर 60 बिलियन डॉलर वृद्धि हुई। 'आयुष्मान भारत' दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा पहल की गई है। इसमें करीब 50 करोड़ लोगों को हर साल 5 लाख रुपए तक की हेल्थ कवरेज मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने किसानों के कल्याण को प्राथमिकता देकर कृषि और सहायक क्षेत्रों की प्रगति की ओर आवश्यक कदम उठाए। किसान को उसकी लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है और 12.5 करोड़ से अधिक किसानों को मिले मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं। अब तक 31.52 करोड़ जन-धन खाते खोले जा चुके हैं। 13.25 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 12 रुपए प्रति वर्ष के प्रीमियम पर निजी दुर्घटना का बीमा कवर मिला है। 3.8 करोड़ महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत धुआं मुक्त जीवन मिला है। एलपीजी कनेक्शन का लक्ष्य बढ़ाकर आठ करोड़ किया गया है। प्रधानमंत्री की ओर से दो अक्टूबर 2014 में भारत में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन में 7.5 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया है।

## भाजपा नेताओं से बनाई रखी दूरी

भले ही केंद्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण भाजपा की चार साल की उपलब्धियां गिनाने शहर में आई थी, लेकिन इस पूरे कार्यक्रम से जिले व प्रदेश के भाजपा नेताओं को बाहर ही रखा गया। रक्षा मंत्री के मंच तक पर कोई भी भाजपा नेता नहीं चढ़ने दिया गया। यहां तक की मीडिया की प्रेसवार्ता दौरान भी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. राजिंदर भंडारी समेत काईं नेताओं को प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई। हालांकि कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कुछ नेताओं ने रक्षा मंत्री के पास खड़े होकर फोटो जरूर खिंचवाई।

**PRESS INFORMATION BUREAU**
**GOVT. OF INDIA**
**JALANDHAR**

1. **Name of Newspaper : Punjab Kesari**
2. **Place : Jalandhar**
3. **Dated : 01 June 2018**
4. **Language : Hindi**

# देश की रक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा : निर्मला सीतारमन

## कहा-यूक्रेन के साथ रक्षा सौदे में घोटाले की खबरें भ्रामक

लुधियाना, 1 जून (गुप्ता): केन्द्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा कि यूक्रेन के साथ हुए रक्षा सौदे में किसी प्रकार का कोई घोटाला नहीं हुआ है। यह सौदा सीधे यूक्रेन सरकार के साथ किया गया है। कंपनी के साथ किसी प्रकार का कोई एग्रीमैंट नहीं हुआ है। इस संबध में किया जा रहा प्रचार पूरी तरह से भ्रामक है।

रक्षा मंत्री आज लुधियाना में पत्रकार सम्मेलन से पूर्व कुछ प्रमुख पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। रक्षा मंत्री ने कहा कि पैट्रोलियम पदार्थों के जी.एस.टी.. के अतंर्गत आने में राज्य सरकारों के



*संबोधित करती हुई केन्द्रीय रक्षामंत्री निर्मला सीमारमन। (गुप्ता)*

राजस्व हित बाधक हैं अगर राज्य जी.एस.टी. कौंसिल में पैट्रोलियम को जी.एस.टी. में लाने की मांग करें तो केन्द्र सरकार पैट्रोल को जी.एस.टी. में लाने में देरी नहीं करेगी।

निर्मला सीतारमन ने कहा कि केन्द्र सरकार अमरनाथ यात्रा को सुखद ढंग से कराने के लिए रक्षात्मक रूप से पुख्ता प्रबंध करेगी। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। रक्षा सेनाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार उन्हें हर प्रकार फंड देने के लिए तैयार है।

जम्मू-कश्मीर बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में निर्मला उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार वहां फैले आतंकवाद व सीमापार से हो रही आतंकी कार्रवाइयों पर काबू पाने के लिए पूरी तरह से सजग है आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

# PRESS INFORMATION BUREAU
# GOVT. OF INDIA
# JALANDHAR

1. Name of Newspaper : Ajit
2. Place : Jalandhar
3. Dated : 2-6-2018
4. Language : Punjabi

# ਭਾਰਤ 'ਚ ਇਤਿਹਾਸਕ ਵਿਕਾਸ ਹੋਇਆ-ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ

## ਕੇਂਦਰ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਪਿਛਲੇ ਚਾਰ ਸਾਲਾਂ ਦੀ ਕਾਰਗੁਜ਼ਾਰੀ ਸ਼ਾਨਦਾਰ-ਨਿਰਮਲਾ ਸੀਤਾਰਮਣ

ਲੁਧਿਆਣਾ, 1 ਜੂਨ (ਕਵਿਤਾ ਖੁੱਲਰ)-ਪਿਛਲੇ 48 ਮਹੀਨਿਆਂ ਦੌਰਾਨ ਭਾਰਤ ਨੇ ਮਨੁੱਖੀ ਰੁਝੇਵੇਂ ਤੇ ਪ੍ਰਗਤੀ ਦੇ ਲਗਭਗ ਸਾਰੇ ਖੇਤਰਾਂ 'ਚ ਇਕ ਵਿਲੱਖਣ ਤਬਦੀਲੀ ਦੇਖੀ ਹੈ। ਭਾਰਤ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਵਿਕਾਸ ਸਬੰਧੀ ਉਪਰਾਲਿਆਂ ਅਤੇ ਯਤਨਾਂ ਨੇ ਇਹ ਯਕੀਨੀ ਬਣਾਇਆ ਕਿ ਵਿਕਾਸ ਦਾ ਅਸਰ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਹਰ ਇਲਾਕੇ 'ਚ ਪੁੱਜੇ। ਔਰਤਾਂ, ਨੌਜਵਾਨਾਂ, ਕਿਸਾਨਾਂ ਤੇ ਸਮਾਜ ਦੇ ਖ਼ਾਸ ਤਵੱਜੋ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਵਾਲੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਵੱਲ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਪ੍ਰਗਟਾਵਾ ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨਿਰਮਲਾ ਸੀਤਾਰਮਣ ਨੇ ਪਿਛਲੇ ਚਾਰ ਸਾਲਾਂ ਦੌਰਾਨ ਭਾਰਤ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਕੀਤੇ ਗਏ ਯਤਨਾਂ ਤੇ ਉਸਦੀਆਂ ਪ੍ਰਾਪਤੀਆਂ ਨੂੰ ਉਜਾਗਰ ਕਰਨ ਲਈ ਲੁਧਿਆਣਾ ਵਿਖੇ ਪ੍ਰੈੱਸ ਕਾਨਫਰੰਸ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆਂ ਕੀਤਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਭ ਖੇਤਰਾਂ 'ਚ ਕੇਂਦਰ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਨੀਤੀ ਉਪਰਾਲਿਆਂ ਦੀ ਪਹੁੰਚ ਨਾ ਕੇਵਲ ਪ੍ਰਭਾਵਸ਼ਾਲੀ ਸਗੋਂ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਤੇ ਇਤਿਹਾਸਕ ਹੈ। ਇਹ ਸਥਾਨਕ ਤੋਂ ਗਲੋਬਲ, ਪੇਂਡੂ ਅਤੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਸਮਾਜ ਦੇ ਸਭ ਵਰਗਾਂ ਨੂੰ ਸਮੁੱਚੇ ਤੌਰ 'ਤੇ ਛੂਹਣ ਵਾਲੀ ਹੈ। ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਆਰਥਿਕ ਪ੍ਰਣਾਲੀ ਵਿਚ ਇਕ ਵੱਡਾ ਸੁਧਾਰ-ਮਾਲ ਅਤੇ ਸੇਵਾਵਾਂ ਟੈਕਸ (ਜੀ.ਐੱਸ.ਟੀ) ਲਾਗੂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਿ ਵਪਾਰ ਵਿਚ ਆਸਾਨੀ ਹੋ ਸਕੇ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਰਹਿਣ ਸਹਿਣ 'ਚ ਸੁਧਾਰ ਹੋ ਸਕੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਵਿਚ ਪਾਰਦਰਸ਼ਤਾ ਲਿਆਉਣ, ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਖਤਮ ਕਰਨ ਅਤੇ ਕਾਲੇ ਧਨ ਨੂੰ ਬਾਹਰ ਲਿਆਉਣ ਲਈ ਹਰ ਸੰਭਵ ਯਤਨ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ, ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਅਤੇ ਖੇਤੀਬਾੜੀ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਉਣ ਲਈ ਯਤਨ ਕੀਤੇ ਗਏ ਤਾਂ ਜੋ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਫਸਲਾਂ ਦੀ ਲਾਗਤ ਦਾ ਡੇਢ ਗੁਣਾ ਮੁੱਲ ਮਿਲ ਸਕੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਗਰੀਬਾਂ ਲਈ ਪ੍ਰਧਾਨ ਮੰਤਰੀ ਆਵਾਸ ਯੋਜਨਾ ਤਹਿਤ ਤਕਰੀਬਨ 1 ਕਰੋੜ ਮਕਾਨ ਤਿਆਰ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਸਰਕਾਰ 2 ਲੱਖ ਕਰੋੜ ਤੋਂ ਵੱਧ ਦੀ ਰਕਮ ਨਾਲ 100 ਸਮਾਰਟ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿਕਸਿਤ ਕਰਨ ਲਈ ਵਚਨਬੱਧ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਿਛੜੇ ਵਰਗਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਲਈ 95,000 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦਾ ਇਤਿਹਾਸਕ ਬਜਟ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਕਾਰਵਾਈ ਯਕੀਨੀ ਬਣਾਉਂਦਿਆਂ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਐੱਸ.ਸੀ./ਐੱਸ.ਟੀ. ਕਾਨੂੰਨ ਨੂੰ ਹੋਰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਬਣਾਇਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਕੂਲੀ ਸਿੱਖਿਆ ਵਿਚ ਸੁਧਾਰ ਲਈ ਬਹੁਪੱਖੀ ਸੁਧਾਰਾਂ ਨੂੰ ਅਪਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਿ ਵਧੇਰੇ ਗੁਣਵੱਤਾ ਅਧਾਰਤ ਉੱਚ ਸਿੱਖਿਆ ਅਦਾਰੇ, ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਆਈ.ਆਈ.ਟੀਜ਼, ਆਈ.ਆਈ.ਐੱਮਜ਼ ਆਦਿ ਸਥਾਪਤ ਹੋ ਸਕਣ। ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਵਿੱਚ ਖੋਜਪੂਰਨ ਮੁਹਾਰਤ ਵਿਕਸਿਤ ਕਰਨ ਲਈ 2400 ਅਟਲ ਟਿਕਰਿੰਗ ਪ੍ਰਯੋਗਸ਼ਾਲਾਵਾਂ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਹਰ ਇਕ ਉਤੇ 20 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਖਰਚਾ ਆਵੇਗਾ।



ਕੇਂਦਰੀ ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਨਿਰਮਲਾ ਸੀਤਾਰਮਨ ਦਾ ਸਨਮਾਨ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਪੰਜਾਬ ਭਾਜਪਾ ਦੇ ਖਜ਼ਾਨਚੀ ਗੁਰਦੇਵ ਸ਼ਰਮਾ ਦੇਬੀ, ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪ੍ਰਧਾਨ ਰਵਿੰਦਰ ਅਰੋੜਾ ਤੇ ਹੋਰ ਆਗੂ। ਤਸਵੀਰ: ਨੀਲ ਕਮਲ

भारत में ऐतिहासिक विकास हो गया: रक्षा मंत्री

# PRESS INFORMATION BUREAU
# GOVT. OF INDIA
# JALANDHAR

**1. Name of Newspaper** : **Uttam Hindu**
**2.Place** : **Jalandhar**
**3.Dated** : **01 June 2018**
**4. Language** : **Hindi**

## रक्षा मंत्री ने बताई मोदी सरकार की चार साल की उपलब्धियां

# तीनों सेनाओं के पास हथियारों की कोई कमी नहीं : सीतारमण

## कहा, यदि कोई युद्धविराम में नापाक हरकत करेगा, तो नहीं बख्शेंगे

» कहा, पेट्रोल व डीजल को राज्य सरकारों की सहमति के बाद ही जीएसटी में शामिल कर रेट निर्धारित किए जाएंगे

» किसानों से सीधी बात करेगी केंद्र सरकार




लुधियाना में पत्रकारों को संबोधित करती हुई रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण।

लुधियाना/सचदेवा, जतिन सेठी

रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की तीनों सेनाओं के पास हथियारों की कोई कमी नहीं है। मोदी सरकार की चार साल की उपलब्धियों को बताने के लिए पहली बार लुधियाना पहुंची सीतारमण ने पत्रकारों से कहा कि रक्षा मंत्रालय ने पहली बार तीनों सेनाओं के वाइस चीफ को हथियारों की खरीद के अधिकार दे दिए हैं। तीनों सेनाओं को फंड मुहैया करवाया गया और वह अपनी जरूरतों के अनुसार हथियारों की खरीद कर रहे हैं। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए क्या उसे जीएसटी के दायरे में लाया जाएगा? इस सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि इस पर लगातार मंथन किया जा रहा है। पेट्रोल व डीजल को केंद्र सरकार ने जीएसटी में बाकायदा रखा है और फिलहाल लिस्ट में उस पर जीरो फीसद टैक्स है। राज्य सरकारों की सहमति के बाद ही इसे जीएसटी में शामिल कर रेट निर्धारित किए जाएंगे, ताकि जीएसटी शेष पेज 9 »

**तीनों सेनाओं ...**

के कानून में किसी तरह का फेरबदल करने के लिए इसे पुनः लोकसभा व राज्यसभा में लाने की जरूरत न पड़े।

रक्षा मंत्री ने बिना किसी राज्य का नाम लेते हुए कहा कि एक राज्य सरकार का पेट्रोल की कीमतें बढ़ने से रोजाना नौ हजार करोड़ रूपये का राजस्व बढ़ गया, जबकि एक अन्य राज्य का सात करोड़ रुपये रोजाना राजस्व बढ़ा है। यदि राज्य सरकारें इसे लेकर चिंतित हैं तो उन्हें अपने टैक्स में कुछ कमी लानी चाहिए, ताकि जनता को इस समय राहत दी जा सके। हालांकि उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस समस्या का जल्द हल निकालेगी।

श्री अमरनाथ यात्रा पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को हर तरह से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। सीतारमण ने कहा कि इस संबंध में सेना को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं और श्रद्धालु बेखौफ धार्मिक यात्रा में जा सकेंगे।

अंतरराष्ट्रीय सीमा और लाइन आफ कंट्रोल पर युद्धविराम की घोषणा के बाद लगातार आतंकी हमलों पर सीतारमण ने कहा कि सेना अपनी ओर से युद्धविराम जारी रख रही है, लेकिन हमारे गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने भी स्पष्ट कहा कि यदि कोई युद्धविराम में नापाक हरकत करने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

यूक्रेन से हथियारों की खरीद में रक्षा मंत्रालय के अफसरों के स्कैम की खबरों को अफवाह बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस एजेंसी के साथ स्कैम होने की बात कही जा रही है, उससे भारत का कोई संबंध ही नहीं है। यह कोरी अफवाह है। हथियारों की खरीद को लेकर यूक्रेन की सरकार से हमारा समझौता हुआ है। हमारे बीच कोई तीसरी एजेंसी या कंपनी नहीं है। यूक्रेन सरकार ने डील के बाद कुछ सामान्य सवाल पूछे थे, जिसका जवाब दिया गया है। इसमें किसी अफसर के शामिल होने की बात ही नहीं है।

पंजाब के किसानों द्वारा एक जून से सब्जी मंडी में अपने उत्पाद न ले जाने की घोषणा किए जाने पर रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के लिए काफी कुछ किया और यदि उन्हें किसी तरह की समस्या है तो उनसे फिर सीधे बात करने को तैयार है, ताकि उन्हें किसी तरह की समस्या न हो।

**RESS INFORMATION BUREAU**
**GOVT. OF INDIA**
**JALANDHAR**

1. Name of Newspaper/ : Daily. Spokesman
2. Place : Chandigarh
3. Dated : 2-6-2018
4. Language : Punjabi

# ਰਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਚਾਰ ਸਾਲਾ ਵਿਕਾਸ ਦੀ ਰੀਪੋਰਟ



ਭਾਰਤ ਦੀ ਰਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨਿਰਮਲਾ ਸੀਤਾਰਮਨ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰਦੀ ਹੋਈ।

ਲੁਧਿਆਣਾ, 1 ਜੂਨ (ਆਰ. ਪੀ. ਸਿੰਘ) : ਕੇਂਦਰ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਵੱਖ ਵੱਖ ਖੇਤਰਾਂ ਵਿਚ ਕੀਤੇ ਵਿਕਾਸ ਦੇ ਪਹਿਲੂਆਂ ਨੂੰ ਉਜਾਗਰ ਕਰਨ ਲਈ ਅੱਜ ਭਾਰਤ ਦੀ ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨਿਰਮਲਾ ਸੀਤਾ ਰਮਨ ਲੁਧਿਆਣੇ

## ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਘੱਟਗਿਣਤੀਆਂ ਅਤੇ ਐਸ.ਸੀ ਘੁਟਣ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਦੇ ਸਵਾਲ 'ਤੇ ਭੜਕੀ ਰਖਿਆ ਮੰਤਰੀ

ਵਿਖੇ ਉਚੇਚੇ ਤੌਰ 'ਤੇ ਪਹੁੰਚੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਭਾਰਤ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਤੇਜ਼ੀ ਨਾਲ ਵਿਕਸਤ ਹੋ ਰਹੀ ਅਰਥਵਿਵਸਥਾ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਵਿਚ ਐਫ਼.ਡੀ.ਆਈ 36 ਬਿਲੀਅਨ ਡਾਲਰ ਤੋਂ ਵੱਧ ਕੇ 60.08 ਬਿਲਿਅਨ ਡਾਲਰ 'ਤੇ ਪਹੁੰਚ ਗਈ ਹੈ। ਜੀ.ਐਸ.ਟੀ ਲਾਗੂ ਕਰ ਕੇ ਅਰਥ ਵਿਵਸਥਾ ਵਿਚ ਵੱਡਾ ਸੁਧਾਰ ਕੀਤਾ ਹੈ।

ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਸਿਆ ਕਿ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਪਾਰਦਰਸ਼ਤਾ ਵਧਾਉਣ, ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਖ਼ਤਮ ਕਰਨ ਅਤੇ ਕਾਲਾ ਧਨ ਬਾਹਰ ਲਿਆਉਣ ਲਈ ਨੋਟਬੰਦੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਵੱਡੀ ਗਿਣਤੀ ਵਿਚ ਸ਼ੱਕੀ ਡਿਪਾਜ਼ਿਟ ਸਾਹਮਣੇ ਆਏ ਹਨ।

ਪੱਤਰਕਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਪੁਛੇ ਸਵਾਲ ਕਿ ਜਦੋਂ ਕਾਂਗਰਸ ਸਮੇਂ ਪਟਰੌਲ ਦੀਆਂ ਕੀਮਤਾਂ ਵਧੀਆਂ ਸੀ ਤਾਂ ਭਾਜਪਾ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ ਬੈਲ ਗੱਡੀ ਚਲਾ ਕੇ ਵਿਖਾਈ ਸੀ ਪਰ ਹੁਣ ਭਾਜਪਾਈ ਚੁੱਪ ਕਿਉਂ ਹਨ ਤਾਂ ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਅਸੀਂ ਪਟਰੌਲ ਕੰਪਨੀਆਂ ਨਾਲ ਗੱਲ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। (ਬਾਕੀ ਸਫ਼ਾ 11 'ਤੇ)

# ਰਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਚਾਰ ਸਾਲਾ ਵਿਕਾਸ ਦੀ ਰੀਪੋਰਟ

ਅਸੀਂ ਪਟਰੌਲ ਅਤੇ ਡੀਜ਼ਲ ਨੂੰ ਜੀ.ਐਸ.ਟੀ. ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਸਕਦੇ ਕਿਉਂਕਿ ਫ਼ੈਡਰਲ ਢਾਂਚੇ ਵਿਚ ਪ੍ਰਦੇਸ਼ਕ ਸਰਕਾਰਾਂ ਨੂੰ ਨਾਲ ਲੈ ਕੇ ਚੱਲਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਪਟਰੌਲ ਵਿਚੋਂ ਸੂਬਾ ਸਰਕਾਰਾਂ ਵੀ ਪੈਸੇ ਕਮਾਉਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਅਸੀਂ ਰਮਜ਼ਾਨ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਮੁਸਲਮਾਨ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਾਉਣਾ ਅਤੇ ਗੋਲੀ ਚਲਾਉਣੀ ਬੰਦ ਹੀ ਰੱਖਾਂਗੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਡਿਫੈਂਸ ਬਜ਼ਟ ਵਧਣਾ ਫ਼ੌਜ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਰੀ ਖ਼ਰੀਦਾਰੀ ਸੈਨਾਂ ਦੇ ਸੀਨੀਅਰ ਅਧਿਕਾਰੀ ਹੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਮਨਿਊਰਟੀ ਅਤੇ ਐਸ.ਸੀ. ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਹੁਣ ਘੁਟਨ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਦੇ ਸਵਾਲ ਪੁੱਛੇ ਜਾਣ ਤੇ ਉਹ ਭੜਕ ਪਈ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਮੈਨੂੰ ਕਾਂਗਰਸ ਬਣ ਕੇ ਸਵਾਲ ਨਾ ਕਰੋ, ਸਾਡੇ ਰਾਜ ਵਿਚ ਹਰ ਵਰਗ ਖ਼ੁਸ਼ ਹੈ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪ੍ਰਧਾਨ ਰਵਿੰਦਰ ਅਰੋੜਾ, ਅਨਿਲ ਸਰੀਨ, ਰਜਿੰਦਰ ਭੰਡਾਰੀ, ਰਜਨੀਸ਼ ਧੀਮਾਨ ਆਦਿ ਹਾਜ਼ਰ ਸਨ।

रक्षा मंत्री ने
पेश किया
चार सालों
के विकास
का रिपोर्ट

**PRESS INFORMATION BUREAU**
**GOVT. OF INDIA**
**JALANDHAR;**

1. Name of Newspaper : Punjabi Tribune
2. Place : Chandigarh
3. Dated : 2-6-2018
4. Language : English

# ਸੈਨਾ ਮੁਖੀਆਂ ਨੂੰ ਗੋਲਾ-ਬਾਰੂਦ ਖ਼ਰੀਦਣ ਦੇ ਦਿੱਤੇ ਅਧਿਕਾਰ: ਸੀਤਾਰਮਨ

**ਮੋਦੀ ਸਾਹਮਣੇ ਨਹੀਂ ਟਿੱਕ ਸਕੇਗਾ ਵਿਰੋਧੀਆਂ ਦਾ ਗੱਠਜੋੜ**

ਗਗਨਦੀਪ ਅਰੋੜਾ
ਲੁਧਿਆਣਾ, 1 ਜੂਨ

ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨਿਰਮਲਾ ਸੀਤਾਰਾਮਨ ਨੇ ਅੱਜ ਸਪੱਸ਼ਟ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਮੁਲਕ ਦੀ ਫ਼ੌਜ ਕੋਲ ਕੋਈ ਵੀ ਜੰਗ ਲੜਨ ਲਈ ਵੱਡੀ ਮਾਤਰਾ ਵਿੱਚ ਗੋਲਾ-ਬਾਰੂਦ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਹੁਣ ਤਿੰਨੇ ਸੈਨਾਵਾਂ (ਥਲ, ਜਲ ਅਤੇ ਹਵਾਈ ਫ਼ੌਜ) ਦੇ ਮੁਖੀਆਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਵੀ ਹਥਿਆਰ ਖ਼ਰੀਦਣ ਦੀ ਤਾਕਤ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਇਹ ਮੰਨਿਆ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਗੋਲਾ-ਬਾਰੂਦ ਦੀ ਕਮੀ ਜ਼ਰੂਰ ਸੀ ਪਰ ਮੌਜੂਦਾ ਹਾਲਾਤ ਵਿੱਚ ਫ਼ੌਜ ਦੁਸ਼ਮਣ ਦੇ ਹਰ ਹਮਲੇ ਦਾ ਮੂੰਹ ਤੋੜ ਜਵਾਬ ਬਾਕੀ ਸਫ਼ਾ 5 »



**ਯੂਕਰੇਨ ਵਿੱਚ ਹਥਿਆਰਾਂ ਦੀ ਖ਼ਰੀਦ ਦੌਰਾਨ ਘਪਲਾ ਨਾ ਹੋਣ ਦਾ ਦਾਅਵਾ**

ਯੂਕਰੇਨ ਤੋਂ ਹਥਿਆਰਾਂ ਦੀ ਖ਼ਰੀਦ ਦੌਰਾਨ ਸਾਢੇ 17 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦਾ ਘਪਲਾ ਸਾਹਮਣੇ ਆਉਣ ਬਾਰੇ ਜਦੋਂ ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਤੋਂ ਸਵਾਲ ਪੁੱਛਿਆ ਗਿਆ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਉਥੇ ਕੋਈ ਘਪਲਾ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾਅਵਾ ਕੀਤਾ ਕਿ ਹਥਿਆਰਾਂ ਦਾ ਸੌਦਾ ਸਿੱਧਾ ਯੂਕਰੇਨ ਸਰਕਾਰ ਨਾਲ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰਾਲੇ ਨੇ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਦੀ ਜਾਂਚ ਕਰਵਾ ਲਈ ਹੈ ਅਤੇ ਕੋਈ ਘਪਲਾ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਹੈ।

## ਸੈਨਾ ਮੁਖੀਆਂ ਨੂੰ ਅਧਿਕਾਰ

ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹੈ। ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੌਰੇ 'ਤੇ ਪਹਿਲੀ ਵਾਰ ਆਈ ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਮੋਦੀ ਸਰਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਪਿਛਲੇ ਚਾਰ ਸਾਲਾਂ 'ਚ ਕੀਤੇ ਗਏ ਕਾਰਜਾਂ ਦਾ ਗੁਣਗਾਨ ਕੀਤਾ। ਇੱਥੋਂ ਦੇ ਇੱਕ ਹੋਟਲ ਵਿੱਚ ਪੱਤਰਕਾਰਾਂ ਨਾਲ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰਦਿਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸੂਬਾ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣਾ ਟੈਕਸ ਘਟਾ ਕੇ ਪੈਟਰੋਲ-ਡੀਜ਼ਲ ਦੀਆਂ ਵਧਦੀਆਂ ਕੀਮਤਾਂ 'ਤੇ ਕਾਬੂ ਪਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪੈਟਰੋਲ-ਡੀਜ਼ਲ ਨੂੰ ਸੂਬਾ ਸਰਕਾਰਾਂ ਦੀ ਅਪੀਲ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਹੀ ਜੀਐਸਟੀ ਦੇ ਘੇਰੇ ਵਿੱਚ ਨਹੀਂ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ ਸੀ। ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸੀਤਾਰਾਮਨ ਨੇ ਦਾਅਵਾ ਕੀਤਾ ਕਿ ਤੇਲ ਦੀਆਂ ਵਧੀਆਂ ਕੀਮਤਾਂ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਕੇਂਦਰ ਨਾਲੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸੂਬਾ ਸਰਕਾਰਾਂ ਨੂੰ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਕੁੱਝ ਸੂਬਿਆਂ ਨੂੰ ਰੋਜ਼ਾਨਾ ਦਾ 7 ਤੋਂ 9 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦਾ ਮੁਨਾਫ਼ਾ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ।

**ਵਿਰੋਧੀ ਧਿਰ ਨਹੀਂ ਰੋਕ ਸਕੇਗੀ ਮੋਦੀ ਦਾ ਵਿਜੈ ਰੱਥ:** ਰੱਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਦਾਅਵਾ ਕੀਤਾ ਕਿ ਮੋਦੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਚਾਰ ਸਾਲਾਂ ਦੌਰਾਨ ਇੰਨੇ ਕੰਮ ਕੀਤੇ ਹਨ ਕਿ 2019 ਵਿੱਚ ਮੋਦੀ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਲਈ ਭਾਵੇਂ ਜਿੰਨੇ ਮਰਜ਼ੀ ਵਿਰੋਧੀ ਇਕੱਠੇ ਹੋ ਕੇ ਗਠਜੋੜ ਕਰ ਲੈਣ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਮੋਦੀ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਵਿਜੈ ਰੱਥ ਰੁਕਣ ਵਾਲਾ ਨਹੀਂ ਹੈ।

सेना प्रमुखों को
गोला- बारूद खरीदने के
दिये अधिकार: सीतारमन